RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 151 • 13:06:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## सांसद बने रहेंगे अखिलेश, विधायकी से दिया इस्तीफा

● अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने भी छोड़ी विधायकी

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी की करहल विधानसभा सीट और नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। 1 दिन पहले उन्होंने इसका ऐलान किया था। अखिलेश के साथ अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने भी विधायकी से इस्तीफा दे दिया। अवधेश



प्रसाद ने कहा- हमने और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा भेज दिया है। जैसे हम विधानसभा में साथ बैठते थे, वैसे ही लोकसभा में बैठेंगे। अंबेडकर नगर से समाजवादी पार्टी के नव निर्वाचित लोकसभा सांसद लालजी वर्मा ने भी इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, अभी विधानसभा अध्यक्ष ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। चर्चा है कि अखिलेश करहल सीट से लालू यादव के दामाद तेज प्रताप सिंह यादव को उतार सकते हैं।

## शराबबंदी में दरोगा द्वारा तस्कर को छोड़ने का मामला आया सामने



**चाणक्य भूमि मोतिहारी।** मोतिहारी के एक थाने के दरोगा द्वारा शराब तस्कर को छोड़ने का मामला सामने आया है हालाँकि दरोगा द्वारा बताया जा रहा है कि तस्कर भाग गया था परंतु इस संबंध में कोई कारवाई का नहीं होना संदेह प्रकट करता है। मोतिहारी में पदस्थापित एक दरोगा द्वारा शराब तस्कर को छोड़ने का मामला सामने आया है। हालाँकि दरोगा द्वारा इस सम्बंध में इस संबंध में बताया जा रहा है यह तस्वीर पुरानी है। शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया था परंतु शराब तस्कर छुड़ाकर बाइक के साथ भागने में सफल रहा। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार दरोगा ने इस संबंध में मामला क्यूँ नहीं दर्ज कराया उनका ऐसा नहीं करना उनकी मिलीभगत की ओर इशारा करता है। बाकी मामला तो जाँच में सामने आयेगा लेकिन स्थिति को देखते हुये इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

## लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी बने नए सेना प्रमुख

● चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर है मजबूत पकड़


नई दिल्ली (एजेंसी)। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी अगले सेना प्रमुख होंगे। जनरल द्विवेदी मौजूदा थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की जगह लेंगे। जनरल मनोज पांडे 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल



उपेंद्र द्विवेदी की बात करें तो वह वर्तमान में 'वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ' (उप सेना प्रमुख) के रूप में सेवा दे रहे हैं।

केंद्र सरकार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार ने वर्तमान में उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम को 30 जून की दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है।

# तैयार रहिए, हम आपके अफसर को सीधे जेल भेजेंगे



### सुप्रीम कोर्ट ने पानी पर हिमाचल, दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया पर नकेल नहीं कसे जाने को लेकर बुधवार को दिल्ली सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि अगर दिल्ली सरकार टैंकर माफिया पर नकेल नहीं कस पाती है तो हम दिल्ली पुलिस को लगाएंगे। शीर्ष अदालत ने पूछा कि हिमाचल से पानी आ रहा है तो ये दिल्ली में कहां जा रहा है। हिमाचल प्रदेश से दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर साफ-साफ जानकारी नहीं दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, तैयार रहिए, हम आपके अफसर को सीधे जेल भेजेंगे। कोर्ट ने संबंधित अफसर को गुरुवार को कोर्ट में पेश होने कहा है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार से गुरुवार तक हलफनामा देकर बताने को कहा है कि उसने पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की वकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह हलफनामा दाखिल कर बताए कि उसने पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं।



बेंच ने हिमाचल प्रदेश सरकार पर भी नाराजगी जताई, जिसने एक पत्र में कहा था कि राज्य सरकार दिल्ली को जो 132 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ना चाहती थी, वह 'पहले से ही निर्बाध रूप से बह रहा है।' अदालत ने आश्चर्य जताया कि फिर राज्यों द्वारा पहले यह दावा करने का क्या मतलब था कि बैराजों पर अतिरिक्त पानी को मापा जा सकता है, ताकि पता चल सके कि कितना अतिरिक्त पानी छोड़ा गया है। जस्टिस मिश्रा ने पूछा, हिमाचल ने इस कोर्ट के सामने पेश किया कि हमारे पास अतिरिक्त पानी है और अब पत्र में कहा गया है कि हमारे पास जो पानी है, वह पहले ही छोड़ा जा चुका है, इसका मतलब है कि उनके पास कोई अतिरिक्त पानी नहीं है। आपकी (दिल्ली सरकार) याचिका का पूरा आधार यह है कि हिमाचल के पास अतिरिक्त पानी है, 137 क्यूसेक। फिर यदि आप इसे पहले ही छोड़ रहे हैं, तो हमारे आदेश के अनुसार 5 जून को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की बैठक में इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। इसके उलट, दस्तावेज पेश किया गया, तो महाधिवक्ता ने कहा कि यह दस्तावेज भी बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

## ओडिशा के नए मुख्यमंत्री बने मोहन माझी, ली शपथ

शपथ लेने के बाद मांझी ने पीएम मोदी से लिया आशीर्वाद

### केवी सिंहदेव और प्रभाती परिदा ने ली डिप्टी सीएम की शपथ

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** एक दिन पहले बीजेपी विधायक दल के नेता चुने गए मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। मोहन माझी ने एक बड़े समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल रघुवर



दास ने शपथ दिलाई। बीजेपी ने पहली बार ओडिशा में अपने बूते पर जीत हासिल करते हुए बहुमत हासिल किया है। राज्य में मोहन माझी की सरकार में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में केवी सिंह देव और पार्वती परीदा ने डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ग्रहण की। ओडिशा विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 78 सीटें जीतकर अपने बूते पर बहुमत हासिल किया है। राज्य में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद परिवर्तन हुआ है। इसके बाद नवीन पटनायक की विदाई हुई है। अभी इतने सालों तक बीजेडी सत्ता में थी। माझी मंत्रिमंडल में 13 मंत्री भी शपथ ले रहे हैं। इनमें सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना, कृष्ण चंद्र महापात्रा, गणेश राम सिंह खुंटिया, सूर्यवंशी सूरज, प्रदीप बालसामंता, गोकुला नंद मल्लिक और संपद कुमार स्वैन शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और अमित शाह शामिल हुए।

## अर्थव्यवस्था फिसड्डी पर पाकिस्तान में बढ़ रहे डंकी

● पड़ोसी देश में अब 59 लाख तक पहुंची गधों की संख्या

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में गधों की संख्या बढ़ गई है। पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गई है। मंगलवार को पाकिस्तान में जारी आर्थिक सर्वेक्षण 23-24 में बताया गया कि देश में बोझा ढोने वाले जानवरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों में बताया गया कि पिछले 5 सालों से गधों की संख्या में एक से डेढ़ लाख का इजाफा होता है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब द्वारा जारी किए गए इस सर्वेक्षण में अन्य पशुधन का भी ब्यौरा दिया गया है। पशुपालन पाकिस्तान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुधन उत्पादन में लगे हुए हैं। पाकिस्तान दुनिया में गधों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश है।

## 18 जून को फिर काशी पहुंच रहे हैं पीएम मोदी

### अब देश भर के किसानों को देंगे अरबों की सौगात



वाराणसी (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद पहली बार 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र काशी आ रहे हैं। इस दौरान यहां बाबा विश्वनाथ और मां गंगा का दर्शन पूजन करने के साथ ही काशी से ही देशभर के किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे।

वह अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजित सम्मेलन में पांच किसानों को सम्मानित भी करेंगे। बनारस जनपद के भी दो लाख 67 हजार 665 किसान सीधे लाभान्वित होंगे। पीएम मोदी 18 जून को काशी में आभार यात्रा पर आ रहे हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वह अपने संसदीय क्षेत्र का प्रथम दौरा किसान को समर्पित करेंगे। वह किसान सम्मेलन में सम्मानित होने वाले कृषकों से संवाद भी करेंगे। किसान सम्मेलन के लिए भाजपा ने जगह की तलाश शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री 18 को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन भी करेंगे।

# कुवैत में 40 भारतीयों की जिंदा जलकर मौत

### इमारत में लगी थी भीषण आग, सोते ही रह गए लोग

कुवैत सिटी (एजेंसी)। कुवैत में दक्षिणी इलाके की एक इमारत में लगी आग में 40 भारतीयों की मौत हो गई है। यह भीषण हादसा बुधवार को स्थानीय समयानुसार तड़के 4 बजे के करीब हुआ। आग जिस इमारत में लगी थी, उसमें बड़ी संख्या में भारतीय मजदूर रह रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि मरने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो सकता है। यह आग अल-मंगफ नाम की इमारत में लगी, जहां मजदूर रहते थे। कुवैती मीडिया का कहना है कि कुछ लोगों की मौत आग में जलकर हुई है। वहीं बड़ी संख्या में लोगों की मौत धुंए के चलते दम घुटने से हुई। इस हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुख जताया है। हादसे में मृतकों की संख्या इसलिए भी अधिक हो गई क्योंकि आग तड़के 4 बजे लगी।



● **अस्पतालों में पहुंचे भारतीय राजदूत, जुटा रहे पूरी डिटेल**– इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि तेजी से बचाव कार्य चले। विदेश मंत्री ने कहा कि कुवैत में जान खोने वाले भारतीय लोगों के परिजनों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं। हम उनकी मदद के लिए तत्पर हैं। घटनास्थल के अलावा भारतीय राजदूत ने तीन अस्पतालों का भी दौरा किया है, जहां पीड़ितों को एडमिट कराया गया है। भारतीय दूतावास का कहना है कि हम कुवैती फायर सर्विस और हेल्थ अथॉरिटीज के संपर्क में हैं। हर जरूरी कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर जो फुटेज आ रही हैं, उसमें देखा जा रहा है कि कैसे इमारत आग की चपेट में आ गई है और उसे बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

● **कंपनी और इमारत के मालिक की गिरफ्तारी के आदेश**– इस बीच कुवैत के होम मिनिस्टर शेख फहाद अल–युसूफ ने पुलिस को आदेश दिया है कि इमारत के मालिक को अरेस्ट कर लिया जाए। इसके अलावा उस कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार करने के आदेश दिए गए हैं, जिसके कर्मचारी यहां रह रहे थे। कुवैत टाइम्स के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि यह पूरी तरह से लापरवाही का नतीजा है। कंपनी और इमारत के मालिकों के लालच के चलते ऐसा हुआ है। ऐसे लोगों पर तत्काल सख्त ऐक्शन लिया जाएगा।

## मोदी की तरह भगवान से गाइडेंस नहीं मिला, मेरे लिए जनता ही भगवान है

● केरल के मलप्पुरम में राहुल बोले-वायनाड छोड़ूं या रायबरेली, धर्मसंकट है

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार 12 जून को केरल के दौरे पर हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल का यह पहला केरल दौरा है। मलप्पुरम में जनसभा के दौरान राहुल ने कहा- वायनाड सीट छोड़ूं या रायबरेली, यह मेरे लिए धर्मसकंट है। मोदी की तरह मुझे भगवान से गाइडेंस नहीं मिल रहा है। मैं साधारण मनुष्य हूं। वायनाड या रायबरेली का फैसला मुझे खुद ही करना होगा। मेरे लिए देश की गरीब जनता ही मेरी भगवान है। मैं जनता से बात करूंगा और फैसला लूंगा। राहुल ने कहा कि केरल और उत्तर प्रदेश के लोगों ने पीएम मोदी को बताया है कि संविधान हमारी आवाज है और वे इसको छू नहीं सकते हैं। देश की जनता ने पीएम को बताया कि वे तानाशाही नहीं कर सकते हैं। चुनाव से पहले भाजपा के नेता कहते थे कि वो संविधान को फाड़ देंगे। अब चुनाव के बाद मोदी संविधान को सिर से लगाते हैं। मोदी वाराणसी में मुश्किल से जीत पाए हैं। भाजपा अयोध्या में भी हार गई है। नफरत को मुहब्बत ने हरा दिया है। मोदी ने कहा था कि वो बायोलॉजिकल नहीं हैं। उन्हें परमात्मा ने भेजा है। मोदी जी के परमात्मा अडाणी-अंबानी के लिए फैसला लेते हैं। मोदी के परमात्मा कहते है कि मोदी जी बॉम्बे एयरपोर्ट अडानी को दे दीजिए, तो वो दे देते हैं।



## झोपड़ी पर पलटा ट्रक, परिवार के 8 लोगों की मौत

**हरदोई (एजेंसी)।** हरदोई में बालू से भरा ट्रक झोपड़ी पर पलट गया। घर के बाहर सो रहे एक ही परिवार के 8 लोगों की मौके पर मौत हो गई। अब परिवार में सिर्फ एक बच्ची बची है। मरने वालों में पति-पत्नी, 4



बच्चे, दामाद और नातिन शामिल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसा शहर से 50 किलोमीटर दूर कानपुर हाईवे पर बुधवार रात 1.30 बजे मल्लावां चुंगी के पास हुआ। मरने वालों की पहचान अवधेश (45), उनकी पत्नी सुधा (42), 3 बच्चे- सुनैना (11), लल्ला (5), बुद्ध (4), और दामाद करन (25), उनकी पत्नी हीरो (22) और बेटी कोमल के रूप में हुई।

## मोदी सरकार के बाद अब राष्ट्रीय अध्यक्ष पर चर्चा तेज

### पाकिस्तानी नेता परेशान, प्रोफेसर ने बताया 'वर्षा' का डर

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद अब लोगों की निगाहें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए अध्यक्ष पर जा टिकी हैं। सियासी गलियारों में

● दलित, महिला या ओबीसी पर फोकस, आरएसएस से भी हो गहरा नाता

तरह-तरह की चर्चाएं हैं। जेपी नड्डा के मंत्री बनने के बाद से कई नेताओं के नाम भगवा पार्टी इस सर्वोच्च पद के लिए उछाले जा रहे हैं। उन्होंने अपना कार्यकाल भी पूरा कर लिया है। महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, इससे पहले भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने की संभावना बढ़ गई है। इसकी प्रक्रिया कुछ ही दिनों में शुरू होने की संभावना है। पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यकारी अध्यक्ष के मनोनयन पर भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा विचार किया जा रहा है। इस बात की प्रबल संभावना है कि भाजपा ओबीसी, दलित और महिलाओं तक अपनी पहुंच बढ़ाने के बारे में फिर से




सोच सकती है। सियासी हलकों में इस चर्चा है की जिस व्यक्ति की आरएसएस से गहरे संबंध होंगे उन्हें ही इस पद की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह भी कहा जा रहा है कि जेपी नड्डा की उस टिप्पणी से आरएसएस काफी नाराज है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा को आरएसएस के समर्थन की जरूरत नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### इनकम टैक्स अधिकारी से हुई थी चेन छिनतई, अपराधियों तक नहीं पहुंच सकी है पुलिस

**पटना।** पटना में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के वरीय कर सहायक मनोज झा से सोने की चेन की छिनतई सोमवार को दोपहर में हुई। चेन छीनने के बाद ऑटो सवार बदमाशों ने धक्का मारकर उन्हें बाहर कर दिया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के गोरखनाथ लेन का है। इस घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी ऑटो और बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि पुलिस सीसीटीवी देखने की बात कह रही है। पूरी वारदात घटनास्थल से कुछ दूर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। मनोज झा के अनुसार यह घटना सोमवार की सुबह गांधी मैदान से कुर्जी जाने के दौरान घटी। इस घटना को बीते 48 घंटे से ज्यादा बीत चुका है। लेकिन पुलिस अभी तक सीसीटीवी को नही खंगाल सकी है। मनोज ने दैनिक भास्कर को बताया कि सोमवार की सुबह पूर्णिया से बस पकड़कर पटना पहुंचे। गांधी मैदान से अपने गेस्ट हाउस जाने के लिए ऑटो पकड़ा था। राजापुल के पास आए तो ऑटो वाले ने बोला कि आगे के पहिया में हवा कम है। हवा लेनी होगी। हवा लेने के लिए इधर उधर घुमाते हुए बोरिंग रोड चौराहा होते हुए गोरखनाथ लेन पहुंचा। वहीं यह घटना हुई। अगर पुलिस चौराहा पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालेगी तो ऑटो और गैंग के सदस्यों की पहचान हो सकती है। लेकिन पुलिस इस मामले में शिथिल रवैया अपना रही है। मनोज झा ने दैनिक भास्कर को बताया कि बस से उतरते मुझे ऑटो वाले ने मुझे पूछा कहा जाना है। मैं ऑटो में आगे बैठ गया। राजापुर पुल के पहले ड्राइवर ने कहा पीछे चले जाइए नहीं तो पुलिस पकड़ लेगी। ऑटो में पीछे पहले से 3 लोग बैठे हुए थे। मुझे भी बिठा लिया। जब तक ऑटो चलता रहा बगल के लोग मुझसे धक्का मुक्की करते रहे। मैं समझ नहीं पाया इसी बीच उन लोगों ने मेरे गले से सोने का चेन काट लिया। फिर गोरखनाथ लेन पहुंच कर ऑटो वाले ने कहा की हवा कम है उतर जाइए और आगे आ कर बैठ जाइए जैसे ही मैं पीछे से उतर कर आगे बैठने लगा सभी ऑटो लेकर फरार हो गए।



### एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड पर फाइनल मुकाबला, उत्तर भारत एरिया टीम की हुई जीत, 1-0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम किया



**पटना।** दानापुर बिहार रेजीमेंट केंद्र के एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड पर बुधवार को उत्तर भारत एरिया और 14 इंफेंट्री डिवीजन के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में उत्तर भारत एरिया ने 14 इंफेंट्री डिवीजन को 1-0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर लिया है। विजेता टीम के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। हॉकी बिहार रेजीमेंट का ऐतिहासिक रूप से पसंदीदा खेल रहा है। इसी हॉकी स्टेडियम में पसीना बहा कर 75 दिग्गज हॉकी खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे हैं। यह स्टेडियम 2004 में ग्रीन एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड में परिवर्तित किया गया। इसके बाद 2019 में इसे ब्लू एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड ओलंपिक स्तर के रूप में परिवर्तित किया गया। डुंग - डुंग स्टेडियम सेना का पहला एट्रोटर्फ ग्राउंड है। इस स्टेडियम का नाम ऑनरी कैप्टन शिल्वानुस डुंग - डुंग के सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है, जिन्होंने वर्ष 1980 में मॉस्को (रूस) में आयोजित ओलंपिक प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया और स्वर्ण पदक जीता। हॉकी में उनके बेहतरीन योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2016 में मेजर ध्यानचंद पुरुस्कार से सम्मानित किया। इस विरासत को ध्यान में रखते हुए *मध्य कमान हॉकी चैंपियनशिप 2024-25* का आयोजन किया गया। इसका फाइनल मुकाबला उत्तर भारत एरिया और 14 इंफेंट्री डिविजन के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में उत्तर भारत एरिया ने 14 इंफेंट्री डिवीजन को 1-0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर लिया। इस मौके पर झारखंड एवं बिहार सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल भारत मेहतानी मुख्य अतिथि थे। इनके अलावा ब्रिगेडियर कमलदीप जसपाल, समादेष्टा बिहार रेजीमेंट केंद्र, ब्रिगेडियर अमित शर्मा, सेना मेडल, डिप्टी जीओसी, झारखंड एवं बिहार सब एरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन ले कर्नल विश्व प्रताप राव के कुशल नेतृत्व में हुआ।

### TRE-3 की रद्द परीक्षा 19-22 जुलाई तक, BPSC ने जारी किया नोटिफिकेशन

**पटना।** बिहार में तीसरे चरण की रद्द हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा 19 से 22 जुलाई के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा एक पाली में ही आयोजित की गई है। इसको लेकर मंगलवार को BPSC ने नोटिफिकेशन जारी किया है। बता दें कि TRE-3 के तहत 87 हजार 774 पदों पर बहाली होनी है। इसके साथ ही सेकेंडरी स्कूल के प्रधान शिक्षक की परीक्षा 28 जून और प्राइमरी स्कूल के प्रधान शिक्षक की परीक्षा 29 जून को होगी। इन दोनों परीक्षा के जरिए 40 हजार पदों पर बहाली होगी। इसमें उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रिंसिपल के 6 हजार 61 पद और प्राइमरी स्कूल में प्रिंसिपल के 34 हजार 86 पद है। TRE-3 की रद्द परीक्षा 27 से 30 जून के बीच आयोजन किया गया था। इसको लेकर आयोग की ओर से सभी जिलों के डीएम को पत्र भेजा गया, ताकि परीक्षा केंद्र पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हालांकि, अब परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। शिक्षक भर्ती के तीसरे चरण में कक्षा 1 से 5, 6 से 8, 9 से 10 और कक्षा 11 से 12 के लिए कुल 87 हजार 774 पदों पर भर्ती होगी। इसमें शिक्षा, समाज कल्याण और अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग की ओर से संचालित विद्यालयों के पद भी शामिल है।

### युवती अपहरण मामले में युवती बरामद एक युवक गिरफ्तार

**चाणक्याभूमि मैनाटांड़।** प्रखंड क्षेत्र के इनरवा पुलिस ने अपहृत युवती को सोमवार को किया बरामद। बता दे की इनरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से शौच करने गई युवती का अपहरण किया गया था। जिसमें लड़की के पिता ने थाने में आवेदन देकर जब्दी गांव निवासी अलाउद्दीन उर्फ अंगूर मियां, सलाउद्दीन मियां, कलामुद्दीन मियां, शेर मोहम्मद मियां और ताजमोहम्मद मियां को नामजद अभियुक्त बनाया था। इधर इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार के नेतृत्व में नेपाल के परसा जिला के बीरगंज से लड़की को बरामद कर लिया है।

### सहरसा-सरहिंद और दरभंगा-अमृतसर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेनें, हाजीपुर के रास्ते गुजरेगी कई स्पेशल ट्रेनें

**हाजीपुर।** समर वेकेशन में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में सहरसा-सरहिंद और दरभंगा-अमृतसर के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने दी है। गाड़ी सं.05575 सहरसा-सरहिंद स्पेशल 12.06.2024 को सहरसा से 19.30 बजे खुलकर 14.06.2024 को 00.05 बजे सरहिंद पहुंचेगी। सरहिंद्र से वापसी में गाड़ी संख्या 05576 सरहिंद-सहरसा स्पेशल 14.06.2024 को सरहिंद से 02.00 बजे खुलकर 15.06.2024 को 09.45 बजे सहरसा पहुंचेगी। अप और डाउन दिशा में यह ट्रेन मानसी, खगड़िया, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज सहित अन्य स्टेशनों पर रुकेगी । इस स्पेशल ट्रेन में स्लीपर के 15 कोच लगेंगे।

## सुधाकर सिंह पर बरसे प्रेम कुमार, बोले-

# किसी के बोलने से ना सरकार बनती है और ना गिरती है

**एजेंसी, पटना।**



पटना जू के कार्यक्रम में पहुंचे वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि छोटी मुंह बड़ी बात, जनता ने 5 वर्षों के लिए केंद्र सरकार को चुनने का काम किया है। 5 वर्षों तक यह सरकार चलेगी। पूरा कार्यकाल हम पूरा करेंगे। किसी के बोलने से ना सरकार बनती है और ना गिरती है। 2024 में जिस तरह से देशवासियों ने एनडीए गठबंधन को अपार बहुमत दिया है। इसी बहुमत के आधार पर सरकार बनी है, सरकार चल रही है और आगे भी चलेगी।

**सुधाकर सिंह बोले- एक साल में गिरेगी NDA सरकार:** दरअसल, बक्सर से आरजेडी के नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह ने कहा था कि केंद्र में एनडीए की ढीली-ढाली सरकार 5 साल तक चलने वाली नहीं है। 8 से 12 महीने के अंदर देश में नई सरकार बनेगी। सुधाकर सिंह के बयान पर बिहार में सियासत गरमा गई है।

**सबसे पहले किसानों के लिए काम हुआ है:** मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को बोलने की आजादी है। हमारी सरकार आते ही बेहतर काम हो रहे हैं। केंद्र में एनडीए की सरकार बनते ही सबसे पहले काम किसानों के लिए हुआ है। देश की सबसे बड़ी ताकत किसान है। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के माध्यम से एक बटन से डीबीटी के जरिए पूरे 12 करोड़ किसानों के खातों में राशि भेजने का काम किया है।


**सबका साथ, सबका विकास है एजेंडा:** हमारा एजेंडा सबका साथ, सबका विकास रास्ते पर देश को आगे ले जाना है। हर वर्गों में गांव, गरीब, महिला, नौजवान, बुजुर्ग के लिए योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है। आने वाले समय में एनडीए सरकार और बेहतर काम करेगी।

**संघ और बीजेपी के बीच अच्छा संबंध:** संघ की लड़ाई के कारण एनडीए में भाजपा के कमजोर होने पर प्रेम कुमार ने कहा कि संघ का हमेशा हमें मार्गदर्शन मिलता रहा है। संघ में सभी अभिभावक गण हैं। उनके द्वारा समय-समय पर सुझाव दिए जाते हैं और समन्वय के तहत बैठक भी होती है। चुनाव से पहले भी हमारी बैठक हुई है। हम सभी मिलकर काम करते हैं। संघ और बीजेपी के बीच अच्छे संबंध हैं। उनका जो सुझाव आता है, उसपर हमारी सरकार विचार करती है। हमलोग सुझाव पर काम करते हैं, इसका मतलब है कि हम एक हैं। बीजेपी और संघ के बीच बेहतर संबंध हैं और यह संबंध आगे भी रहेगी।

**गाड़ी अब खुल गई तो चुनाव लड़ने का आया याद:** राहुल गांधी का बयान अगर प्रियंका गांधी वाराणसी से चुनाव लड़ती तो पीएम मोदी हार जाते। इस पर मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि किसने रोका था? किसी ने भी उन्हें खड़ा होने से नहीं रोका था। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी वहां से खड़े भी हुए थे और क्या परिणाम आया यह सभी ने देखा। गाड़ी अब खुल गई तो उन्हें याद आ रहा है कि खड़े हो जाते। वहां की जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है और जनता विकास चाहती है। कांग्रेस को हार स्वीकार करना चाहिए। वे जो सपने देख रहे हैं उन्हें देखना बंद करें। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सरकार बहुत ही बेहतर चल रही है।

## फुलवारी शरीफ में पुलिस पर पिटाई करने का आरोप

**एजेंसी, पटना।**



♦ आर्मी मैन का बेटा बोला- वाहन जांच के नाम पर पीटा गया पुलिस ने लगाया बदतमीजी का आरोप

पटना के फुलवारी शरीफ स्टेशन के नजदीक बुधवार को क्रिकेट खेलने जा रहे आर्मी मैन के बेटे को वाहन चेकिंग के दौरान मारपीट का वीडियो सामने आया है। छात्र विनायक कुमार ने बताया कि उसकी उम्र करीब 17 वर्ष है। वह आदर्श कॉलोनी फुलवारी शरीफ का निवासी है। पीड़ित विनायक कुमार ने बताया कि वह अपना गाड़ी से सुबह के समय जा रहा था। इसी बीच रेलवे गुमटी के नजदीक पुलिस वाले ने उन्हें रोक लिया और गाड़ी का कागज मांगने लगे। गाड़ी का कागज ऑनलाइन दिखाया, लेकिन पुलिसवाले नहीं माने। इस पर मैंने कहा कि मैं गाड़ी यहां लगा देता हूं और कागज लेकर आ रहा हूं। इस पर मुझ से चाबी मांगा, लेकिन मैंने देने से इनकार कर दिया। जिसपर पुलिस वाले उसके साथ मारपीट करने लगे। उसकी हाथ में चोटें आई हैं।

**क्या बोले पुलिस अधिकारी:** फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि फुलवारीशरीफ थाना में बिरला कॉलोनी एवं स्टेशन के आस पास मॉर्निंग वाक करने वालों की सुरक्षा के लिए मॉर्निंग गश्ती, वाहन चेकिंग एवं संदिग्ध की पहचान हेतु रोको, टोको अभियान चलाया जा रहा था।

**जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा:** इस दौरान फुलवारी शरीफ रेलवे गुमटी के पास एक युवक अपनी गाड़ी लेकर आया। गाड़ी के आगे से भी एक नंबर मिटाया हुआ था। पीछे का भी एक नंबर मिटाया हुआ था। इसके बाद संदेह हुआ। जगह-जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरे हैं। इससे फाइन होता है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान पुलिस पर ही रौब झाड़ने लगा था। वर्दी उतरवाने की धमकी दे रहा था। बाइक को थाने ले जाने के लिए कहा तो चाबी नहीं दिया। फिर चाबी लेनी पड़ी। इस दौरान युवक के हाथ पर मामूली खरोंच आई है।

## दानापुर थाने में देर रात तक बैठी रही महिला, पुलिस पर परेशान करने का आरोप

**एजेंसी, पटना।**



दानापुर पुलिस पर एक महिला ने परेशान करने का आरोप लगाया है। तकियापर निवासी महिला का आरोप है कि पति की शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। घंटों बैठाकर रखा, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। थक हारकर आईजी से मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद थानेदार ने आवेदन रिसीव किया। पीड़िता का कहना है कि पति धर्मेश अग्रवाल मेरे साथ अक्सर मारपीट और प्रताड़ित करते हैं। कुछ दिन पहले ससुराल ले जाने के बाहने मुझे अहमदाबाद लेकर चला गया। वहां भी मेरे साथ मारपीट की। मेरे बच्चे को भी छीनने की कोशिश की, लेकिन मैं किसी तरह से वहां से भागकर अपने मायके पटना आ गई। इस बीच मंगलवार को पति मेरे घर पर पहुंच गए। यहां भी मेरे साथ उसने मारपीट शुरू कर दी।

**थाने पर शिकायत करने पहुंची महिला:** पीड़िता ने आगे कहा कि घटना के बाद दानापुर के थानेदार को कॉल कर मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। थानेदार ने डायल 112 पर कॉल करके सहायता मांगने की बात कही। जिसके कुछ देर के बाद लिखित शिकायत लेकर थाने पर पहुंची। इस दौरान भी थानेदार को कॉल किया और घटना की जानकारी दी। फिर भी कोई रेस्पॉन्स नहीं मिला। घंटों थाने में बैठी रही। रात के करीब 11 बजे पटना आईजी से मदद की गुहार लगाई। तब थानेदार ने आवेदन रिसीव किया।

**एसपी से की शिकायत:** बुधवार को पीड़िता एसपी दफ्तर पहुंचकर शिकायत की। आवेदन में उसने दानापुर पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि पुलिस उसके पति से मिले हुए हैं। थाने में आवेदन देने के बावजूद भी पति व्हाट्सएप पर धमकी भरा मैसेज भेज रहा है।

## अजीत सिंह ने जदयू छोड़ राजद की ली सदस्यता

**एजेंसी, पटना।**



♦ सुधाकर सिंह की सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी, जगदानंद सिंह के तीनों बेटे पॉलटिक्स में एक्टिव

आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजीत सिंह ने नीतीश कुमार की पार्टी छोड़कर आरजेडी की सदस्यता ली है। अजीत सिंह ने लालू प्रसाद के जन्मदिन पर आरजेडी का लालटेन उठाया है। बताया जा रहा है कि सुधाकर सिंह की खाली सीट पर वो चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। पूर्व कृषि मंत्री और जगदानंद सिंह के बेटे सुधाकर सिंह बक्सर से आरजेडी के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़े और जीत गए हैं। वो रामगढ़ से विधायक थे। अब उनके सांसद बनने के बाद रामगढ़ की सीट खाली हो गई है।

**चुनाव से पहले जदयू से दिया था इस्तीफा:** राजद की सदस्यता लेने के बाद अजीत सिंह ने कहा कि मैं अपने मूल पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में वापस लौट गया हूं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले ही जदयू से इस्तीफा दिया था। मैंने तब कहा था कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के लिए अपने साथियों के साथ काम करूंगा। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी प्रचार में हिस्सा लिया। मतदाताओं और समर्पित कार्यकर्ता के दम पर शाहबाद की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन ने विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि केंद्र में नई सरकार बनी है, लेकिन बिहार के साथ हकमारी की गई है।

**जदयू ने बीजेपी और संघ के सामने समर्पण किया:** अजीत सिंह ने कहा कि देश के संसाधनों पर गुजरात के कुछ लोगों का कब्जा है, जिससे अमीरी और गरीबी की खाई बढ़ती जा रही है। दूसरी तरफ बेरोजगारी और भूखमरी विकराल स्थिति की तरफ बढ़ रही है। इस स्थिति में जदयू ने बीजेपी और संघ के सामने समर्पण कर दिया है। बिहार की हित को जदयू नेताओं ने कुर्बान कर दिया है।

**जगदानंद सिंह के चार बेटे, तीन राजनीति में एक्टिव:** लालू प्रसाद के करीबी और राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के चार बेटे हैं। इसमें सबसे बड़े बेटे दिवाकर सिंह सरकारी नौकरी में हैं। दूसरा बेटा सुधाकर सिंह हैं, जो विधायक के बाद सांसद चुने गए हैं। तीसरा बेटा डॉ. पुनीत सिंह गया स्नातक सीट से एमएलसी का चुनाव लड़े थे, लेकिन वे अवधेश नारायण सिंह से हार गए थे। पुनीत सिंह ने काफी अच्छी टक्कर दी थी। चौथा बेटा अजीत सिंह हैं। अजीत कुमार सिंह ने दो साल पहले राजद छोड़ जदयू की सदस्यता ली थी। तब भास्कर से खास बातचीत में कहा था कि राजद में काम करने को कुछ नया नहीं रह गया था। नीतीश कुमार के समावेशी विकास की परिकल्पना से प्रभावित हूं। इसलिए जदयू की सदस्यता ली है। अजीत कुमार सिंह से भास्कर ने पूछा कि आपसे लोग यह सवाल नहीं करते कि जगदानंद सिंह ने राजद में परिवारवाद को बढ़ाया है? इसके जवाब में अजीत कहते हैं कि लोग हमारा काम देखते हैं। किस तरह उनके दुख-सुख में खड़े रहते हैं। लोगों को विकास चाहिए। हम लोगों की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## राज्यपाल की बैठक में शामिल हुए ACS सिद्धार्थ, राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही थी

**एजेंसी, पटना।**



कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई है। शिक्षा विभाग के नए अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ इसमें शामिल हुए हैं। कुलाधिपति की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में लंबे समय के बाद शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव भी मौजूद रहे।

**आईएएस केके पाठक ने बैठक से दूरी बनाई थी:** कुलाधिपति की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक से अपर मुख्य सचिव केके पाठक दूरी बनाई थी। वह राजभवन की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। शिक्षा विभाग की ओर से वे प्रतिनिधि भेजते थे। केके पाठक और राजभवन की बीच काफी कड़वाहट चल रही थी। केके पाठक ने वीसी की जब बैठक बुलाई तो राजभवन की ओर से बैठक में आने से मना करवा दिया गया था।दूरी बनाने वाले अफसरों पर कड़ी कार्रवाई की गई थी। विश्विद्यालय के खाते सीज हुए थे। वेतन भी रोक दिया गया था।

**किन एजेंडो पर समीक्षा होगी....:** बैठक का एजेंडा तय है। इसमें विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा होगी। आंतरिक स्त्रोत की राशि प्रबंधन की भी समीक्षा हो रहीं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट की राशि विमुक्ति पर विचार-विमर्श, विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के पीएल खाते, बैंक खाते एवं फिक्स्ड डिपोजिट के रूप में उपलब्ध राशि की जानकारी के लिए दिए गए प्रपत्र पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2024-25 के पूर्व के वित्तीय वर्षों 2022-23 एवं 2023-24 में विमुक्त राशि का शेष पैसे तथा सीएजी अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुपालन पर विमर्श किया जा रहा है। आईएएस के के पाठक के आदेश के बाद विश्विद्यालय के पेंशनधारियों को दिक्कत हो गई है। उनका पेंशन अटका हुआ है।

## पटना में 'द प्लुरल्स पार्टी' के दफ्तर पर हमला

**एजेंसी, पटना।**



पटना में 'द प्लुरल्स पार्टी' के ऑफिस पर बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस संबंध में पार्टी के संयुक्त सचिव आदर्श कुमार चौधरी ने श्रीकृष्णापुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आदर्श कुमार चौधरी ने बताया कि प्रदेश कार्यालय (मकान संख्या 200/B) के कैंपस के अंदर घुसकर असामाजिक तत्वों ने गाली-गलौज और तोड़फोड़ की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी की फॉर्च्यूनर गाड़ी भी लगी थी। उसको भी क्षतिग्रस्त कर दिया। शीशे तोड़ दिए गए। कार्यालय में आग लगाने और जान से मारने की धमकी भी दी गई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें एक हमलावर दिख रहा है। हालांकि, उसकी पहचान अभी नहीं हो सकी है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष:** वहीं, कृष्णापुरी थानेदार पंकज कुमार ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी मिली है। शिकायत पत्र में किसी का नाम नहीं दिया गया है। अज्ञात पर हमला करने का आरोप है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## पटना जू में 75% छनकर आएगी सूर्य की रोशनी

### मंत्री प्रेम कुमार ने फर्न हाउस और ठंडी सड़क का किया उद्घाटन, वाटर स्प्रिंकलर भी लगाया गया

**एजेंसी, पटना।**

पटना जू में अब बारिश का एहसास होगा। जू में फर्न हाउस को एक खास टेक्निक से बनाया गया है। इसमें वाटर स्प्रिंकलर लगाया गया है। साथ ही यहां दुर्लभ प्रजाति के पौधे भी पाए जाएंगे। आज पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने जू में फर्न हाउस और ठंडी सड़क का उद्घाटन किया। करीब साढ़े 4 लाख की लागत से इसे तैयार किया गया है। वहीं, 1.30 करोड़ की लागत से ठंडी सड़क का निर्माण हुआ है।

**फर्न की 42 और ऑर्किड की 40 प्रजाति मौजूद:** पटना जू के डायरेक्टर सत्यजीत कुमार ने बताया कि फर्न हाउस की छतों का रेनोवेशन हुआ है। इसमें वाटरफॉल क्रिएट किया जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि फर्न में नमी की जरूरत ज्यादा होती है। ऐसे पौधों के लिए स्प्रिंकलर लगाए गए हैं और वॉटरफॉल एरिया का निर्माण किया जा रहा है। इसमें 42 तरह के फर्न की प्रजाति, 40 तरह के ऑर्किड की प्रजाति, लिली और अन्य दुर्लभ प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। पटना के वातावरण के हिसाब से सूट करने वाले ब्रोमिलाइड्स ऑर्किड को लगाया गया है। कार्निवोरस प्लांट के 4-5 वेरायटी लगाए गए हैं। ऐसे पौधे कीड़े खाकर जिंदा रहते हैं।

**फर्न हाउस में 75% तक छनकर आती है सूर्य की रोशनी:** इस फर्न हाउस की छतों को खास तकनीक से बताया गया है। ऑर्किड के पैदावार के लिए रेन फॉरेस्ट जैसी वातावरण की जरूरत होती है। रेन फॉरेस्ट में सूर्य की रोशनी पत्तियों से छनकर आती है। ऐसे ही कंडीशन के लिए फर्न हाउस की छत को ब्लैक टॉप रखा गया है, जिसमें सूर्य की रोशनी लगभग 75% तक छनकर आती है। वो उतने ही मात्रा में पौधों तक पहुंचती है, जितनी उसे जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि ठंडी सड़क की मांग वर्षों से थी। इसके निर्माण ना होने से चलने वाले लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। यहां पुराने पौधे ज्यादा मात्रा में मौजूद हैं। इसके साथ ही यह सड़क विजिटर द्वारा कम प्रयोग में आती है। इसलिए इसे ठंडी सड़क कहा जाता है, क्योंकि यह काम प्रयोग में आती है।

**नंबर 1 बनेगा पटना जू:** मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जब मैं 3 महीने पहले पटना जू आया था, तो सड़कों की हालत काफी खराब थी। सड़कें गड्ढे में बदल गई थी। यहां आने वाले लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। इसलिए मेरे आदेश से यहां 2.2 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1.30 करोड़ की लागत से हुआ है। बाकी बचे हुए कार्य चालू वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिए जाएंगे। आने वाले समय में हमारा प्रयास है कि पटना से चौथे नंबर की जगह नंबर वन पर पहुंच जाए।

**तीन दिनों तक चलेगा नेचर्स एजुकेशन:** इसके साथ ही जू में नेचर्स एजुकेशन कैंप का भी उद्घाटन किया गया। यह कैंप चार दिन 12 से 15 जून तक चलेगा। कैंप में विभिन्न स्कूलों से लगभग 40 बच्चे और NGO से अनाथ बच्चे भी आए हैं। इसमें वुड आर्ट, पेंसिल आर्ट, पोस्टर एग्जिबिशन, क्लाइमेट चेंज लर्निंग, एनिमल केयर, सीड बॉल मेकिंग, आइडेंटिफिकेशन ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स, बायो कंपोस्ट मेकिंग, बर्ड वाचिंग, थीम गेम्स, एनवायरनमेंटल डिबेट्स, तितलियों की पहचान, दुर्लभ पौधों के बारे में जानकारी दी जाएगी।



# जमीन रजिस्ट्री के लिए नहीं करनी पड़ेगी दौड़भाग; घर बैठे जमा होगा चालान



**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार जमीन निबंधन में आने वाली परेशानी को देखते हुए निबंधन पोर्टल में कई अहम बदलाव करने जा रही है। अब लोग जमीन निबंधन के लिए चालान घर बैठे जमा कर सकेंगे। साथ ही टोकन भी घर से ही ले सकेंगे। इस प्रक्रिया के लिए अब निबंधन कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे जुड़ी तमाम प्रक्रिया ऑनलाइन होने के साथ ही इतनी सरल हो जाएगी कि कोई भी इसका लाभ खुद प्राप्त कर सकता है।

निबंधन विभाग अपनी वेबसाइट में कई सुविधाएं लोगों को मुहैया कराने जा रहा है। विभागीय स्तर पर अंतिम दौर का परीक्षण चल रहा है। लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर कुछ बदलाव भी किए जा रहे हैं। विभाग की तैयारी है कि अगले माह से ये सुविधाएं लोगों को मिलने लगे। निबंधन विभाग की वेबसाइट में नए बदलाव होने और इसकी क्षमता बढ़ाने से लोगों को निबंधन कार्य में कम समय लगेंगे। अभी टोकन नंबर में एक सप्ताह या इससे अधिक की भी वेटिंग मिलती है। वेटिंग की फेहरिस्त छोटी हो जाएगी।

### अब मिलेंगी ये सुविधाएं

जमीन से लेकर अन्य किसी तरह के निबंधन के लिए संबंधित वेबसाइट पर विवरण भरने पर लगने वाले शुल्क की जानकारी मिल जाएगी। इसके आधार पर ऑनलाइन माध्यम से किसी पेमेंट गेट-वे की मदद से चालान जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही टोकन नंबर मिल जाएगा, जिसमें निबंधन की तारीख और समय लिखा होगा।

इसके बाद आवंटित समय पर निबंधन कार्यालय पहुंच कर संबंधित व्यक्ति को सिर्फ अपनी बॉयोमेट्रिक देनी होगी और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना होगा। इससे पहले सभी दस्तावेजों का मिलान व्यक्ति के वास्तविक पहचान-पत्र से किया जाएगा।

निबंधन की नई वेबसाइट अधिक सुविधाजनक और तेज गति से काम करेगी। एक साथ कई तरह के आवेदन किए जा सकेंगे या कई एप्लिकेशन का उपयोग हो सकेगा। इसकी क्षमता पहले से कई गुना बढ़ाई जा रही है।

### अभी आती हैं ये समस्याएं

अभी विभाग में निबंधन की व्यवस्था कंप्यूटरकृत तो है, लेकिन शुल्क जमा करके चालान और टोकन लेने के लिए निबंधन कार्यालय जाना पड़ता है। इसमें कार्यालय में दलाली और बिचौलिया तंत्र हावी रहता है।

निबंधन विभाग की मौजूदा वेबसाइट के हैंग होने या काफी धीमी गति से काम करने की समस्या आती है। इससे निबंधन कराने में काफी समय लगता है।

मौजूदा व्यवस्था में जमीन का निबंधन कराने के लिए मॉडल डीड की सुविधा तो है, लेकिन जमीन का विवरण डालकर इसके आधार पर निबंधन शुल्क की जानकारी नहीं मिलती है। इसके लिए निबंधन कार्यालय के कर्मी या कातिब की मदद लेनी पड़ती है। बिना इनकी मदद से निबंधन शुल्क का पता नहीं चलता है।

अभी घर बैठे सिर्फ मॉडल डीड को देख सकते हैं या इसमें जमीन से संबंधित विवरण भरकर इसका प्रिंट ऑउट ले सकते हैं। निबंधन की प्रक्रिया पूरी नहीं करवा सकते हैं।

### मध्यान भोजन में कीड़ा मिलने पर एनजीओ पर कार्रवाई : किशनगंज डीएम ने 14 लाख रुपये कटौती का दिया आदेश, बीआरपी के वेतन में भी होगी कटौती

**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज के बहादुरगंज नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित आदर्श मध्य विद्यालय नामक सरकारी स्कूल में बीते सोमवार को भी बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मिल में कीड़ा मिला था। जिसके बाद उक्त मामले ने तूल पकड़ लिया है। जिसपर जिला मध्यान भोजन पदाधिकारी नुपुर कुमारी ने कार्रवाई की बात भी कही थी। उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को डीएम तुषार सिंगला ने मामले का संबंधित विभाग से जांच कराया और मध्यान भोजन उपलब्ध कराने वाले एनजीओ जन चेतना जागृति एवं शैक्षणिक विकास मंच पर कार्रवाई करते हुए 14 लाख रुपए कटौती करने का आदेश डीएम ने दिया है। इसके अलावा जिले में कार्यरत स्वयं सेवी संस्था जन चेतना जागृति एवं शैक्षणिक विकास मंच, नई दिल्ली को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीएम पोषण योजना, किशनगंज ने अनियमितता एवं विभाग के द्वारा चेतावनी के देने के बावजूद अपने कार्य में सुधार नहीं लाने को लेकर कार्यमुक्त करते हुए काली सूची में अंकित करने को लेकर निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार, पटना को प्रतिवेदित किया गया है। वहीं विभाग ने इसी मामले में लापरवाही बरतने वाले प्रखंड साधन सेवी विरेन्द्र कुमार दास पर भी उनके माह मई के वेतन का 20 प्रतिशत कटौती का निदेश दिया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### शादी का झांसा देकर रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवादा, एजेंसी।** नवादा में शादी का झांसा देकर युवती के साथ रेप करने मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गोविंदपुर पुलिस की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने आरोपित को प्राथमिकी दर्ज करने के 24 घंटे के भीतर रोह थाना क्षेत्र के सम्हरीगढ़ में छापेमारी कर दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपित अखिलेश कुमार रोह थाना क्षेत्र के सम्हरीगढ़ गांव के सुरेन्द्र प्रसाद का बेटा बताया जाता है। उस पर गोविंदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण करने का आरोप है। मामले में गोविंदपुर थाने में पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। वहीं मामले को लेकर नवादा एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने गोविंदपुर थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल के नेतृत्व में एसआईटी गठित की थी। पीड़िता ने आवेदन में बताया कि आरोपी ने फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। वहीं दो साल पहले एक शादी समारोह में पीड़िता व आरोपित एक-दूसरे के करीब आए थे। इसके बाद फोन पर बातचीत शुरू हुई और बात आगे बढ़ी। इस बीच आरोपित ने पीड़िता के घर पर ही उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और शादी का झांसा देकर आरोपित लगातार यौन शोषण करने लगा। जब पीड़िता के परिजनों को उसके साथ संबंध होने की जानकारी मिली तो युवक पर शादी का दबाव बनाया गया। युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया और फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा।

### नवविवाहिता की हत्या मामले में आठ आरोपित, मुख्य अभियुक्त समेत दो की गिरफ्तारी



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में 7 दिन से लापता नवविवाहिता का शव उसके ससुराल से 4 किलोमीटर दूर गोइठवा नदी से कंकाल के रूप में पुलिस ने सोमवार को बरामद की थी। मृतका दीपनगर थाना क्षेत्र के बद्री बीघा चकदिलावर गांव निवासी दीनानाथ केवट की (19) वर्षीय पत्नी अर्निका देवी है। 2 महीना पूर्व ही अर्निका की शादी दीनानाथ के साथ हुई थी। नालंदा के सरमेरा थाना क्षेत्र निवासी अर्निका के भाई संजय केवट ने दहेज हत्या और छेड़खानी का विरोध करने के मामले में बहनोई समेत आठ लोगों को आरोपित कर मामला दीपनगर थाना में दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त दीनानाथ केवट और उसके भाई नगीना केवट को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दी है। प्राथमिकी के अनुसार 1 लाख और 1 बाइक की डिमांड ससुराली परिवार की ओर से की जा रही थी। दीनानाथ केवट के भाई नगीना केवट ने अर्निका के साथ छेड़खानी करने का भी प्रयास किया था। विरोध पर दीनानाथ केवट और उसके घर वालों ने मिलकर पहले अर्निका की 3 जून को हत्या कर दी। इसके बाद शव को ले जाकर गोइठवा नदी में दफन कर दिया। उन लोगों को 4 जून को यह सूचना दी गई की अर्निका किसी के साथ भाग गई है। खोजबीन के क्रम में पता चला कि गोइठवा नदी में एक शव को कुत्ता नोच रहा है। जब घटनास्थल पर पहुंचकर दफन लाश को बाहर निकाला गया तो दुपट्टे और बेडशीट से पहचान की जा सकी। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि अन्य फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस छापेमारी में जुट गई सभी आरोपित घर छोड़कर फरार है।

### पुलिस अधिकारी की गाड़ी में ठोकर मार ट्रैक्टर चालक फरार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सिकंदरपुर रोड में स्मार्ट सिटी से जुड़ी एक निजी कंपनी के ट्रैक्टर के चालक ने मंगलवार को एक पुलिस अधिकारी की गाड़ी में ठोकर मार दी। इसके बाद चालक ने तेजी में ट्रैक्टर को भगाया। इससे ट्रैक्टर और अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बचने के लिए सड़क पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। पीछा करने में राहगीरों को खतरा देख पुलिस अधिकारी ने ट्रैक्टर को छोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई। इसके बाद नगर थाने की पुलिस ने ट्रैक्टर चालक की खोजबीन शुरू की, लेकिन वह नहीं मिला।



### ऑटो और ट्रक की भिड़ंत, 4 लोगों की मौत : 2 गंभीर घायल

**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। 2 गंभीर हैं। सभी ऑटो से शिव चर्चा से लौट रहे थे। रास्ते में ऑटो की ट्रक से टक्कर हो गई। मौके पर ही ड्राइवर समेत 4 ने दम तोड़ दिया। ऑटो में कुल 6 लोग सवार थे। हादसा त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर हुआ। घायलों को पहले त्रिवेणीगंज अस्पताल लाया गया। जहां से दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा कि दोनों गाड़ियों की स्पीड ज्यादा थी। जिसकी वजह से वो तुरंत कंट्रोल नहीं कर पाए। हादसा मंगलवार की देर रात करीब 12 बजे के आसपास हुआ। हादसे के बाद ट्रक के पहिए के नीचे घंटों डेड बॉडी फंसी रही।

**मरने वालों में 2 महिलाएं :** मृतकों की पहचान त्रिवेणीगंज थाने के महेशवा पंचायत के गजहर वार्ड 4 निवासी गोविंद पासवान(55), महेशवा पंचायत बेला गांव वार्ड 9 निवासी सियाराम शर्मा(55), त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के महेशवा वार्ड 14 निवासी ममता देवी(40) और बिजली देवी(52) के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान किशनदेव मंडल(50) और सकुनी देवी (52) के रूप में हुई है।

**तेज रफ्तार के चलते हुआ हादसा :** बताया जा रहा है कि देर रात होने की वजह से सड़क सुनसान थी। इसी वजह से दोनों गाड़ियों की स्पीड ज्यादा होने से ये हादसा हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में ऑटो की भी स्पीड ज्यादा थी। वहीं ट्रक कि रफ्तार भी 60 के आसपास थी।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्य घायल
## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

### *अरवल में शादी की सालगिरह में शामिल होने जा रहे थे*

**अरवल, एजेंसी।** अरवल में मंगलवार की देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक ही परिवार के चार सदस्य जख्मी हो गए जिन्हें डायल 112 की आपातकालीन सेवा की गाड़ी से सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जहानाबाद सदर अस्पताल में तैनात एएनएम रीना देवी (45) अपने शिक्षक देवर के साथ अपनी बहन की शादी की सालगिरह में भाग लेने के लिए दाउदनगर थाना क्षेत्र के अरई गांव में जा रही थी। मेहंदिया थाना क्षेत्र के बालाजी पेट्रोल पंप के समीप मछली बाजार के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार देवर भाभी के साथ दो बच्चे जख्मी हो गए।

**शादी की सालगिरह में शामिल होने जा रहे थे :** जख्मी महिला के भाई ने बताया कि रीना देवी जहानाबाद में अपने बच्चों के साथ रहती थी। अस्पताल से ड्यूटी कर वापस लौटने के बाद अपने देवर संतोष कुमार (35) को शादी की सालगिरह में भाग लेने के लिए एक साथ अपने देवर और दोनों बच्चों के साथ बाइक से जा रहे थे। उनके देवर गया के जिले में शिक्षक हैं। इस घटना में संतोष कुमार, रीना देवी के साथ प्रीति भारती (10) और प्रियदर्शी (12) घायल हुआ है। सभी लोग रोहतास जिले के सासाराम थाना क्षेत्र के शिवसागर गांव के रहने वाले हैं।



वही जख्मी महिला का मायके पटना जिले के दुल्हन बाजार है घटना के बाद महिला के मायके वालों को सूचना दी गई। जिसके बाद उनके परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और बेहतर इलाज के लिए पटना ले गए। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि दो लोगों की स्थिति चिंताजनक है जिसमें एक बच्चा और शिक्षक संतोष कुमार बुरी तरह जख्मी है।

### पलंबर मिस्त्री का मिला शव, हत्या की आशंका, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर गांव में घर से निकले पलंबर मिस्त्री का शव बरामद हुआ है। उसका शव कोईलवर पुराना पुल स्थित बबुरबानी से मंगलवार को बरामद किया गया है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर वार्ड नंबर-10 निवासी मो. खुर्शीद का 25 वर्षीय पुत्र मो.राजा है।



#### अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर दी सूचना

मृतक के छोटे भाई मो. सद्दाम ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे वो घर से कह कर निकाला था कि मैं मोड़ से आ रहा हूं पर वापस नहीं लौटा। इसी बीच अज्ञात आदमी ने फोन कर सूचना दी कि भाई का शव कोईलवर पुराना पुल स्थित बबुरबानी में पड़ा हुआ है। सूचना पाकर परिजन खोजबीन करते हुए जब वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ा है। उन्होंने इसकी सूचना कोईलवर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के छोटे भाई मो. सद्दाम ने लोहे के रॉड से मारकर और हाथ जलाकर अपने भाई की हत्या की आशंका जताई है।

#### मौत का कारण स्पष्ट नहीं

गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार के विवाद और दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। जबकि पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार मृतक युवक की मौत संदिग्ध है। कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। मृतक अपने एक बहन और तीन भाइयों में बड़ा था। मृतक की मां निजी अस्पताल में काम करती है। उसके परिवार में मां रुकसाना खातून उर्फ सकीना व दो भाई मो.सद्दाम, मो. हसन और एक बहन नरगिस परवीन है।

### बिहार में भीषण गर्मी से त्राहिमाम; आपदा जैसे हालात, मुख्यमंत्री नीतीश ने विभागों को दिए ये निर्देश

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में गर्मी और हीट वेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए मंगलवार को आपदा प्रबंधन विभाग एवं सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने पूरे प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और अस्पतालों को अलर्ट रखने को कहा है। साथ ही अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। सीएम नीतीश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भीषण गर्मी और हीटवेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य के सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखने को कहा है। साथ ही भूजल स्तर पर भी नजर रखने को कहा है। भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं तथा जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। गांव हो या शहर सभी जगहों पर निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है ताकि लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि लोगों को लगातार जागरूक करते रहें और संपूर्ण स्थिति पर निगरानी रखें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं। भूजल स्तर पर भी नजर रखें और अपने-अपने जिलों की स्थिति का आकलन करें। आपको बता दें राज्य में लू और गर्मी से 70 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

# ससुराल आए युवक की पेड़ से लटकी मिली लाश, हत्या का आरोप



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के मझौलिया गांव में ससुराल आए युवक की लाश मंगलवार अहले सुबह नीम के पेड़ से लटकती मिली। उसकी पहचान सीतामढ़ी जिले के महिंदवारा थाना क्षेत्र के ओलीपुर मौना गांव निवासी जमीरुल हक के पुत्र मो. जिलानी के रूप में हुई। घटना की सूचना पर एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन, थानेदार मोनू कुमार दलबल के साथ पहुंचे और जांच की। इसके बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा। इस दौरान गांव से पहुंचे परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए डॉग स्क्वायड से जांच कराने की मांग की। मौके पर पहुंचा खोजी कुत्ता घटनास्थल से ससुराल वाले घर तक गया और लौट आया। सीआईडी और एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और सैंपल एकत्र किया। मौके से जिलानी के गर्दन में बंधा गमछा, चप्पल आदि सामान भी जब्त किया गया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2018 में गांव निवासी मो. नसारुल की पुत्री जेवा खातून की शादी मो. जिलानी से हुई थी। शादी के चार साल बाद जेवा ने अपने पति, ससूर समेत अन्य पर मुजफ्फरपुर महिला थाने में दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके समझौते के लिए मो. जिलानी लगातार ससुराल आ-जा रहा था। दो दिन पूर्व वह अपने गांव के दो-तीन युवकों के साथ यहां आया था। उनमें से दो का ससुराल मझौलिया गांव में ही है। सभी को साथ में घुमता हुए देखा गया था। घटना के बाद सभी फरार हैं।

**ससुराल वालों ने कहा-दर्ज केस व पारिवारिक दबाव से था परेशान :** मो. जिलानी के ससुराल वालों ने पुलिस को बताया कि उसके खिलाफ सीतामढ़ी में बाइक चोरी का केस दर्ज है। पत्नी जेवा द्वारा दहेज उत्पीड़न का मामले दर्ज कराने समेत अन्य कई तरह के परिवारिक दबाव के कारण वह परेशान था। पत्नी जेवा ने पुलिस को बताया कि रात में वह और जिलानी खाना खाकर सो रहे थे। एक बजे के करीब नींद खुली तो देखा कि वह बिस्तर पर नहीं है। उनके मोबाइल पर कई बार फोन की, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। खोजबीन करते हुए घर से बाहर निकलकर फोन लगाई तो रोड के दक्षिण तरफ से घंटी की आवाज आई। तब अपनी मां को जगाया और उनको साथ लेकर वहां गई तो देखा कि नीम के पेड़ से जिलानी की लाश लटकी है। फिर स्थानीय चौकीदार के साथ ससुराल वालों को घटना की जानकारी दी।

#### छोटे भाई ने डेढ़ माह पूर्व ही ससुराल आने की बात बताई

गांव से आए जिलानी के छोटा भाई मो. सदाब ने पुलिस को बताया कि वह डेढ़ महीने पूर्व ही घर से ससुराल आया था। यहां चेन्नई गया और फिर ससुराल ही लौटा। उसके गांव के दो-तीन युवक जिनकी इसी गांव में रिश्तेदारी है, वे लोग जिलानी के साथ घुमते देखे गए हैं। वहीं, ससुराल वालों का कहना है कि दो दिनों पूर्व ही जिलानी यहां आया था। वहीं, चर्चा है कि जिलानी की बाइक सरैया कोठी के पास छीन ली गई है। सरैया के एसडीपीओ कुमार चंदन का कहना है कि प्रथम दृष्टया गले मे फंदा डाल कर आत्महत्या करने का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि यह हत्या है या आत्महत्या है। मृतक परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ईखायुक्त ने दुबौलिया में किसानों से की वार्ता

चाण्क्यभूमि मझौलिया



- बकाये गन्ना मूल्य का भुगतान कराने की मांग उठी

बुधवार को समाजसेवी अनुज कुमार सिंह के निवास परिसर दुबौलिया में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ईख आयुक्त अनिल झा ने उपस्थित किसानों की समस्या से अवगत होते हुए कहा कि चीनी मिल अभिलंब बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान करें। अन्यथा चीनी मिल के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानो की समस्या से रूबरू होते हुए कहा कि किसान अन्नदाता और पालनहार है। सबसे पहले उनकी समस्या का निराकरण होना चाहिए। गन्ना की खेती किसानों के लिए लाभकारी होता है। लेकिन चीनी मिल द्वारा पूर्ण भुगतान नहीं करना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने उपस्थित किसानों को भरोसा दिलाया कि किसानो की समस्या का अवश्य निराकरण होगा तथा बहुत जल्द बकाया भुगतान किसानों को उपलब्ध हो जाएगा। समाजसेवी अनुज कुमार सिंह ने क्षेत्रीय किसानों की समस्या को ईख आयुक्त के सामने रखते हुए कहा कि किसानों को समय पर उत्तम प्रभेद के बीज उर्वरक सिंचाई की सुविधा आदि को लेकर काफी कठिनाई उठानी पड़ती है। गन्ना इस क्षेत्र की प्रमुख नगदी फसल है। आज किसान मौसम की त्रासदी झेलने को मजबूर हैं। कृषि विभाग द्वारा प्रायोजित योजनाओं की जानकारी किसानों को समय-समय पर अवश्य मिलनी चाहिए।

इस अवसर पर अजय सिंह केशव कुमार पैक्स अध्यक्ष अंशु सिंह इंजीनियर मोहित कुमार सिंह अजय यादव विकास कुमार सुरेंद्र राम ताराचंद यादव आदि उपस्थित थे।

बताते चले की ईख आयुक्त अनिल झा को समाजसेवी अनुज कुमार सिंह द्वारा गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

# 112 की टीम ने हिरण के बच्चों को किया रेस्क्यू



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

बगहा के भीरारी गांव में एक हिरण के बच्चें को कुत्ता काटने के लिए खदेड़ रहा था। उसी समय स्थानीय लोगों ने देखा तो कुत्ते को खड़े कर हिरण के बच्चे को रेस्क्यू कर लिया वही 112 को सूचना दी सूचना मिलती ही 112 टीम के चालक व हवलदार धर्मेश कुमार सुदामा यादव, सरोज कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर हिरण के बच्चें को अपने कब्जे में लेते हुए बगहा नगर थाना में पहुचाया। इसके साथ ही वन विभाग को सूचना दे दिया गया है। वहीं चालक हवलदार धर्मेश कुमार सिंह ने बताया कि हमें सूचना मिली कि हिरण की बच्चों को कुत्ता खड़े रहा है सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू किया हिरण के बच्चे को अपने कब्जे में लेते हुए नगर थाना लाए हैं और वन कर्मी को सपोर्ट किया गया है।

# एसएसबी ने इंडो नेपाल बॉर्डर से तस्करी के मवेशियों को किया जब्त

चाण्क्यभूमि मैनाटाड़

इंडो नेपाल बॉर्डर पर तैनात इनरवा एसएसबी जवानों ने सीमा से तस्करी के उन्नीस मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। 47 वीं बटालियन इनरवा के सहायक कमांडेंट गुलाब चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मवेशियों का झुंड तस्कर लेकर भारत से नेपाल की ओर जाने की योजना बना रहे हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुये सूचनार्थ जगह पर इंस्पेक्टर सर्वेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर नाका लगा दिया गया। तभी भारत नेपाल पिलर संख्या 420/2 के रास्ते पशुओं का झुंड आता दिखाई दिया। पशुओं को झुंड को आते देख एसएसबी जवान आगे की तरफ बढ़े। तब तक तस्करों की नजर एसएसबी जवानों पर पड़ी। जवानों को देखते ही तस्कर मवेशियों को छोड़कर नेपाल की तरफ फरार हो गये। मौके से जवानों ने उन्नीस मवेशियों को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि अग्रेतर कार्रवाई के लिए जब्त मवेशियों को इनरवा पुलिस को सौंप दिया गया है। वहीं इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि एसएसबी के आवेदन पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज कर पकड़े गये मवेशियों को नजदीकी पशु फाटक को सौंप दिया गया है।






# बाघ के हमले से मजदूर जख्मी क्षेत्र मे दहशत

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र




सहोदरा थाना क्षेत्र के बलबल गांव निवासी राधा महतो (50) को बाघ ने बुधवार को सुबह करीब 6:30 बजे हमला कर जख्मी कर दिया। घटना के संबंध में राधा महतो के पुत्र रवि महतो ने बताया कि जंगल के किनारे मेरे पिता खेत में गिराए गए धान के बीचड़े को देखने गए थे उसी समय बाघ ने मेरे पिताजी पर हमला कर दिया। बगल के खेत में काम कर रहे मजदूरों ने जब बाघ द्वारा किए गए हमले को देखा तो हल्ला मचाना शुरू कर दी। जिससे बाघ राधा महतो को छोड़कर जंगल में घुस गया। मजदूरों ने जब इसकी सूचना उसके परिजनों को दी तो उसके परिजन किसी तरह गौनाहा रेफरल अस्पताल पहुंचाएं। बाघ का शिकार हुए मजदूर की इलाज डॉक्टर विवेक विकास द्वारा की गई। डॉक्टर ने बताया कि मरीज 7:30 बजे सुबह अस्पताल पहुंचा है। राधा महतो के दाहिने पैर में दो जगह गहरा जख्म जांघ में एक जगह चार इंच लंबा व डेढ़ इंच गहरा जख्म था। जिसकी साफ सफाई कर 10 टाका दिया गया है। फिलहाल वह मरीज खतरे से बाहर है। दोमाठ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील महतो व कन्हैया कुमार ने उक्त मजदूर पर बाघ की हमला का पुष्टि की है। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि वह मजदूर काफी गरीब है, मेहनत मजदूरी कर परिवार का परवरिश करता है। वह बटाई खेत मे गिराए गए धान का बीजड़ा देखने गया था। इधर रेंजर सुनील कुमार पाठक का कहना है कि मामले की जांच कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

# एसएसबी और नेपाल एपीएफ ने की जॉइंट पेट्रोलिंग

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर



- इंडो नेपाल बॉर्डर पर बुधवार के पेट्रोलिंग में एसएसबी के डॉग स्क्वायड टीम भी रही शामिल

इंडो नेपाल बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी 21वीं वाहिनी बी कंपनी गंडक बैराज के अधिकारियों एवं जवानों ने बुधवार को नेपाल एपीएफ के जवानों के साथ सीमा सुरक्षा, अवैध गतिविधि एवं तस्करी पर रोकथाम के लिए डॉग स्क्वॉड के साथ ज्वाइंट पेट्रोलिंग की। भारतीय सुरक्षा कर्मियों का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक कमल बर्मन ने किया। इस बाबत जानकारी देते हुए एएसआई कमल बर्मन ने बताया कि वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर दोनों देशों के सुरक्षा कर्मियों के आपसी समन्वय एवं सीमा सुरक्षा के साथ-साथ तस्करी पर रोकथाम के लिए जॉइंट पेट्रोलिंग की गई। इस पेट्रोलिंग में हेड कांस्टेबल रेशम सिंह, कांस्टेबल रामकुमार शाह, कांस्टेबल रामबली भरत शामिल रहे।

हीट वेव को लेकर एसएसबी ने लगाया जांच शिविर-: भीषण गर्मी को देखते हुए सब 21वीं वाहिनी बगहा के द्वारा बुधवार के दिन आदिवासी बहुल क्षेत्र संतपुर सोहरिया के सोहरिया गांव में जांच शिविर लगा लोगों का जांच कर निशुल्क में दवाइयां दी गई। जांच शिविर में लोग लोगों का इलाज कर रहे सहायक कमांडेंट जिशनू एम ने बताया कि प्रचंड गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाज के बगैर कितने लोगों की मौत हो जा रही है। इसको ध्यान में रखते हुए शिविर के माध्यम से लोगों को निशुल्क दवाइयां दे गर्मी से बचने की उचित सलाह दी गई।









# राष्ट्रपति भवन दिल्ली से लौटने के बाद खुश दिखा एलईडी बल्ब निर्माता प्रमोद

चाण्क्यभूमि



- कोरोना काल मे स्वालम्बी बनकर जीता पीएम का दिल प्रमोद से दो -दो बार बात कर चुके है पीएम

राष्ट्रपति भवन दिल्ली में पीएम नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर बड़ा उत्साहित है रतनमाला पंचायत के एलईडी बल्ब निर्माता प्रमोद कुमार।दिल्ली प्रवास से लौटने के बाद प्रमोद ने बताया कि मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में उनसे बातचीत की,और उनकी प्रशंसा भी की थी।प्रमोद ने बताया कि तीसरी बार प्रधान मंत्री पद की शपथ ग्रहण समारोह में पीएम ने न्योता भेज कर बुलावा भेजा था।प्रमोद बताते है कि यह गौरव का क्षण था।यहां यह उल्लेखनीय की पीएम।ने।मन की बात कार्यकम में प्रमोद से दो दो बार बात की थी।एलईडी बल्ब के निर्माण और कोरोना काल मे आत्मनिर्भर बनने पर पीएम ने मुक्त कंठ से प्रमोद की तारीफ की और दूसरों के समक्ष उदाहरण पेश किया।पीएम से प्रेरणा पाकर एलईडी बल्ब निर्माता रतनमाला निवासी प्रमोद गुप्ता ने महज 35 रुपये में एक साल की गारंटीके लिए एलईडी बल्ब बिक्री करने का ऐलान किया है।प्रमोद बताते है कि हमे अपने समाज और देश की सेवा के लिए सक्रिय रहना चाहिये।

# मोदी सरकार का पहला कैबिनेट बिहार के लिए खुशियों की सौगातः सांसद

चाणक्यभूमि बेतिया



सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल ने अपने नीजी आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि मोदी सरकार का पहला कैबिनेट बिहार के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। बिहार में विगत 3 वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना एक तरफ से बंद पड़ी हुई थी, इस साल पूरे देश में 3 करोड़ और बिहार को अकेले 38 लाख नए प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान बनने वाले हैं भारतमाला फेस टू में पश्चिमी चंपारण लोकसभा के लिए दो उपहार की स्वीकृति हुई हैं पहला रक्सौल दिघवारा हल्दिया प्रोजेक्ट को भारतमाला फेस टू में स्वीकृति मिल गई है जिससे की रक्सौल से पटना जाना महज ढाई घंटे का रास्ता हो जाएगा और दूसरा गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेस वे को भी स्वीकृति मिल चुकी है यह मेरे नौतन प्रखंड से होकर गुजरेगा और पुलियाखाड़ इलाके में सिक्स लेन का एक पुल बनेगा जिसके कारण महज बेतिया से गोरखपुर की दूरी डेढ़ घंटे की और पूर्णिया की दूरी करीब 4:30 घंटे की होगी।









# बाइक ठेला से हुई बाईक की टक्कर दो घायल एक गंभीर

चाणक्यभूमि बेतिया


एनएच 727 बगहा बेतिया मुख्य मार्ग के सिरकाहिया चौक पर बाइक से बाल कटवाने जा रहें दों बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक ठेला से टकरा गए। बाइक चालक एवं बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान चौतारवा थाना क्षेत्र के इंग्लिशिया पंचायत के इंग्लिशिया गांव के वार्ड संख्या 6 निवासी मोहन साह के 17 वर्षीय पुत्र नीरज साह एवं इंग्लिशिया गांव के ही वार्ड संख्या 5 निवासी मुन्ना यादव के 17 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है।नीरज के चाचा प्रमोद साह ने बताया कि बुधवार को दोपहर में मेरा हिरो बाइक लेकर मेरा भतीजा नीरज अपने दोस्त राहुल के साथ लौरिया थाना क्षेत्र के चटकल चौक पर दोनों अपना बाल कटवाने जा रहें थे कि जैसे ही लौरिया बगहां मुख्य सड़क में इंग्लिशिया चौक से बाइक लेकर जैसे ही दुनिया टोली गांव जाने वाले मोड़ के पास पहुंचे की लौरिया के तरफ से आ रही बाइक ठेला से नीरज का बाइक टकरा गया जिससे नीरज एवं राहुल को गंभीर चोट लगी।हम लोगों को जब जानकारी हुआ तो वहां पर पहुंचे तथा दोनों को लेकर लौरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए जहां पर डाक्टर जितेन्द्र काजी ने दोनों का इलाज कर बेहतर इलाज हेतु बेतिया गवर्मेंट हास्पीटल रेफर कर दिया। डाक्टर जितेन्द्र किजी ने बताया कि नीरज कुमार को हल्की चोट लगी थी वह खतरें से बाहर है। राहुल का बायां पैर फ्रेक्चर हो गया है।

# "बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन"

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)



**मझौलिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार बेतिया के सचिव सह अवर न्यायाधीश अमरेंद्र कुमार राज के आदेशानुसार प्रखण्ड के माधोपुर, बहुआरवा दलित बस्ती क्षेत्रों में बाल श्रम निषेध दिवस को लेकर पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पीएलवी श्री गुप्ता ने कहा कि बाल मजदूरी के प्रति विरोध एवं जगरूकता फैलाने के मकसद से हर साल 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन जागरूकता पैदा करने के लिए 2002 में विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की गईं। उन्होंने कहा की 14 साल से कम आयु वर्ग के बच्चों से किसी भी प्रकार काम कराने पर लगे प्रतिबंध व इसका उल्लंघन पर मिलने वाले दंड को लेकर लोगों को जागरूक किया। वहीं कुछ माता पिता ऐसे होते हैं जो चंद रुपयों के लालच में अपने छोटे छोटे बच्चों से रसायन के कारखानों, ईट भट्ठों, लोहे के कार्य, भवन निर्माण के कार्य व भारी मशीनरी के कार्यों सहित कहीं भी ढाबा या घरों में काम के लिए भेज देते हैं, जो प्रतिबंधित है। ऐसा करने से उनके अंदर हीन भावना पैदा होती है। वहीं आगामी लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत मे सुलहनिये वादों का निस्तारण कराने के लिये लोगो से आग्रह किया। मौके पर अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714